सार-समाचार

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। पुलिस चौकी के सामने एमबीबीएस में चयन होने पर कोमल पाराशर सुपौत्री देवकीनंदन पाराशर पुत्री एडवोकेट मुकेश अरुणा पाराशर एवं पूर्व पार्षद जगदीश प्रसाद सैनी की सुपौत्री सौम्या सैनी पुत्री बादशाह टेलर मुकेश गौड़ का दसवीं कक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर अभिनंदन समारोह पालिका उपाध्यक्ष बनवारी पांडे की अध्यक्षता एवं शिक्षा विभाग के सेवानिवृत संयुक्त निदेशक रामनिवास शर्मा के मुख्यआतिथ्य में आयोजित हुआ। समारोह में एडवोकेट सज्जन हापास, इदरीस पठान खीरवा, कमल शर्मा, राजकुमार सैनी, संदीप डोटासरा, नरेश किरोडीवाल, महेंद्र सैनी, किशोर सैनी, प्रवीण मलोवा, राजेंद्र ख्यालिया, विनोद खींची आदि ने कोमल पाराशर व सौम्या सैनी को गुलदस्तां व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे गोविंद शर्मा ने बेटियों व अतिथियों का तिलकार्चन किया।कार्यक्रम में कोमल के दादाजी देवकीनंदन पाराशर, पिता एडवोकेट मुकेश पाराशर, पलक पाराशर एवं सौम्या के दादाजी पूर्व पार्षद जगदीश सैनी, पिता मुकेश गौड़ बादशाह टेलर का भी अभिनंदन किया गया। इस दौरान खेमचंद सैनी, अशोक जांगिड़, नरेंद्र रॉयल, विष्णु शर्मा, परमेश्वर कटारिया, महिपाल, सीताराम ढोलास, अनिल तंवर सहित अनेक जन मौजूद रहे। समारोह का संचालन गणेश चौहान ने किया।मंसाराम मलोवा व किशोर सैनी ने आगंतुकों का आभार जताया।

टीनशेड एवं इंटरलॉक निर्माण कार्य का लोकार्पण किया

झुंझुनूं, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के हमीरवास व चंद्रपुरा में राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र को अब नया भवन मिलेगा। प्रत्येक 55-55 लाख रुपए की लागत, कुल 1 करोड़ 10 लाख रुपए से बनने वाले इन भवनों का झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने शिलान्यास किया। भांबू ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चंद्रपुरा उर्फ तारपुरा के प्रांगण में टीनशेड एवं इंटरलॉक निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया। इस दौरान चंद्रपुरा सरपंच सरोज साहू, सरपंच दलीप मीणा, सरपंच निर्मला देवी, उप सरपंच रामप्रताप, देवकरण गावडिया, मूलचंद थोरी, मनीराम कुलहरि, सूबेदार विद्याधर मील, झूथाराम शर्मा, प्रतापसिंह सोहू, शीशराम सोहू, शिवकुमार सैन, सुनिल पोदार, मनोज, मनोज शर्मा, सीताराम, सुमित, कुलदीप, शीशराम भैड़ा, राजेश मील, उम्मेद मील, दलीप महला, बलबीर ओला, दिनेश, मक्खनलाल, जगदीश, सुमित, फूलचंद रेप्सवाल, जगदेवाराम, उम्मेदसिंह कुलहरि, शिवकरणसिंह, परमजीत, जगदीश कुलहरि, सुरेंद्र भांबू, हरिसिंह रेप्सवाल, धर्मेंद्र, अनिल, राकेश, वीरेंद्र, जयसिंह झाझडिया, मोहरसिंह पूनियां, संत कुमार, रामकुमार रेप्सवाल, नंदू, शीशराम कामरेड, रामचंद्र समेत अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे।

योग प्रदर्शनी का अवलोकन किया

सीकर, (निसं)। सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, सूचना केंद्र, सीकर में गुरुवार को जिला स्तरीय योग प्रदर्शनी का भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड, जिला संयोजक पवन जोशी, जिला सह संयोजक दिनेश दादिया ने अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में योग के शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक लाभों को उजागर करते हुए विभिन्न योग मुद्राओं, आसनों व दिनचर्या की जानकारी दी गई है जो आमजन को योग अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। प्रदर्शनी के दौरान सहायक निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग पूरण मल ने जनप्रतिनिधियों को प्रदर्शनी के संबंध में व्यापक जानकारी दी एवं विभिन्न पोस्टर्स, बैनर्स व सामग्री के माध्यम से योग के महत्व पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री नेमीचंद कुमावत,आशीष कुल्हरी, उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग सीकर डॉ. राजेश ऋषिका, योग प्रभारी डॉ. योगेश मिश्रा, रमेश कस्वा, वरिष्ठ कम्पाउंडर कैलाश चन्द खटीक, डॉ. मोहसीन खान, डॉ. राहत खत्री, डॉ. पंकज त्रिवेदी सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

तुलसी लगे गमलों का वितरण कल से

झुंझुनूं, (निसं)। हर साल की तरह इस बार भी श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था एवं लॉयंस क्लब झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमती गिन्नी देवी राधा वल्लभ खेतान ट्रस्ट के सौजन्य से तुलसी लगे गमलों का वितरण किया जाएगा। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान व खेतान ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई ने बताया कि तुलसी लगे गमलों का वितरण 21 जून 2025 से चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस से प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा शहर के विभिन्न भागों एवं अलग अलग एरिया में तुलसी लगे गमलों का वितरण भी किया जाना सुनिश्चित किया गया। हर घर में तुलसी का वासा, रहे सदा नर हरि के पासा। इसी भावना को आत्म सात करते हुए तुलसी लगे गमलों का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। कहते है कि तुलसी अपने घर में अवश्य लगानी चाहिये जिससे घर में हमेशा सुख शांति और भगवान श्री हरि का वास रहे।

अभिरूचि शिविर का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। हिंदुस्तान स्काउटस एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनूं के द्वारा परमवीर पीरू सिंह के उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर का गुरुवार को जिला साक्षरता अधिकारी योगेंद्र सिंह ने निरक्षण किया। जिला साक्षरता अधिकारी योगेंद्र सिंह ने शिविर में विद्यार्थियों द्वारा बनाई जा रही पेंटिंग, कबाड़ से जुगाड़, कंप्यूटर ज्ञान, स्पोकन इंग्लिश, एवं नृत्य कि कला देखकर के प्रशिक्षक एवं प्रतिभागियों की सराहना की। इस अवसर पर जिला साक्षरता अधिकारी योगेंद्र सैनी ने प्रतिभागियों के साथ मिलकर प्रतिभागियों के साथ पौधारोपण किया एवं सभी से अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आग्रह किया। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष वंशदीप ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और हम पर्यावरण को सरक्षित कर आने वाली पीढ़ी के लिए अनमोल उपहार दे सकते हैं। इस अवसर पर शिविर संचालक राकेश मांजू, रतनी बुडानिया, अजीत चौधरी, नीरज कुमार, एबीवीपी के वंशदीप सिंह, हर्षित सैनी, रेंजर प्रियंका साहित प्रतिभागी मौजूद थे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग डूंडलोद आए

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग ने शेखावाटी प्रवास पर सेठ मोहन गोयनका चैन्नई निवासी सेठ अर्जुनदास गोयनका हेरिटेज म्यूजियम का भ्रमण किया। जहां पर डेढ़ सौ वर्ष पुरानी हवेली को निहारते हुए सौ वर्ष पुरानी जीवन शैली चित्रों से हवेली में दर्शाए गए शाही रहन सहन मनमोहक भित्तीचित्र शानदार कला से अभिभूत हवेली का अवलोकन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गोयनका परिवार का शेखावाटी ही नहीं देश-विदेश में भी बहुत बड़ा योगदान बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग एवं धर्मपत्नी सविता गर्ग का माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्वी राजस्थान के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संयोजक श्यामसुंदर जालान, सुभाषचंद्र भूत, उमेश मिश्रा, मुरारीलाल टीबड़ेवाल, अरविंद देवड़ा एवं काफी संख्या में अग्र बंधु एकत्रित रहे।

निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 22 को

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल सनराइज के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय गोपीराम अग्रवाल ढांढणिया की पुण्य स्मृति में 22 जून रविवार को सुबह 8:30 बजे से 12 बजे तक चावो दादी मंदिर परिसर झुंझुनूं में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में टीबडा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच कर डॉक्टर्स के परामर्श अनुसार निशुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरण किए जाएंगे एवं चयनित मोतियाबिंद रोगियों के ऑपरेशन रियायती दर पर कराए जाएंगे।

भाजपा नेता लखोटिया रामकथा में शामिल हुए

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जाने-माने उद्योगपति भामाशाह समाजसेवी श्रीकुमार लखोटिया बैंगलोर में आयोजित राष्ट्रीय संत रामभद्राचार्य महाराज की रामकथा शामिल हुए तथा महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजित रामकथा में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, कर्नाटक सरकार में वन मंत्री ईश्वर खंडरे भद्रावती विधायक व लखोटिया के निजी मित्र संगमेश्रर ने भी राष्ट्रीय संत रामभद्राचार्य महाराज की रामकथा सुनी तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व लखोटिया ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल गहलोत से शिष्टाचार मुलाकात की।

कोचिंग संस्थान गाईडलाईन की पालना करना सुनिश्चित करें : जिला कलेक्टर

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कोचिंग संस्थान निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई।

■ कलेक्टर ने जिला स्तरीय कोचिंग संस्थान निगरानी समिति की बैठक ली

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बैठक में कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों से कहा कि बच्चों से मां-बाप की काफी अपेक्षाएं रहती हैं। होनहार बच्चों के साथ ही पढाई में कमजोर विद्यार्थियों के मनोविज्ञान को समझकर कोचिंग संचालक उनके साथ सद्धव्यवहार कर उन्हें अध्ययन के प्रति प्रेरित करेंगे तो वे भी पढाई में अव्वल होने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थानों के बच्चों की काउंसलिंग होना आवश्यक है। जिला कलेक्टर ने जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण तथा इसमें अध्यनरत विद्यार्थियों को मानसिक संबल एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोचिंग संस्थानों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने निर्देश दिये कि समस्त कोचिंग संस्थान सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर कोचिंग संस्थानों के संबंध में जारी किये गये आदेशों-निर्देशों की पालना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त कोचिंग संस्थान अपने संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल क्लिनिक की सुविधा रखने के साथ ही शिकायत, सुझाव पेटिका स्थापित करें। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थान विद्यार्थियों के असेसमेंट टेस्ट का परिणाम सार्वजनिक रूप से नोटिस बोर्ड पर चस्पा नहीं करें साथ ही 5 घंटे से अधिक छात्रों को नहीं पढ़ायें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर कुमार ने कोचिंग संस्थानों को जिन संस्थानों में काउंसलर नियुक्त नहीं है वहां पर नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कोचिंग संस्थान हैल्प लाईन नम्बर, टेलीमानस नम्बर जारी कर विभिन्न स्थानों पर चस्पा करें ताकि कोचिंग विद्यार्थी अपनी समस्या अवगत करवा सके। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थानों के आस-पास गड्ढों पर फेरोकवर लगाएं तथा ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के साथ ही कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में कोई भी कक्षा संचालित नहीं करें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों से कहा कि कोचिंग के छात्रों की छुट्टी के समय पुलिस मित्र के साथ-साथ पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर पुलिस, होमगार्ड्स की नियुक्ति भी करवायें ताकि यातायात बाधित नहीं हो। उन्होंने कोचिंग संचालकों से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, हरियालों राजस्थान, योग दिवस, अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रमों में गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम में समस्त कोचिंग संस्थान अपने छात्र-छात्राओं की भागीदारी करवाएं तथा हरियालों राजस्थान में जिले को आवंटित 21 लाख के लक्ष्यों को हासिल करवाने में अपने संस्थानों में अधिकाधिक पौधारोपण करें। उन्होंने कहा कि 16 वर्ष के कम आयु के बच्चों को कोचिंग संस्थानों में प्रवेश नहीं करवाये तथा अपने संस्थानों की बालवाहनियों की सुरक्षा की दृष्टि से एक बार जांच आवश्यक रूप से कर लेवें। उन्होंने 18 जून को कोचिंग संस्थानों में नशा मुक्ति के संबंध में सेमिनार आयोजित करने तथा नशा मुक्ति की शपथ दिलवाने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, आवप्ति अधिकारी अनिता धतरवाल, सदर थानाधिकारी मनोज भाटीवाड, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया, एडीपीसी राकेश लाटा, जिला साक्षरता अधिकारी चन्द्रप्रकाश महर्षि, विभागाध्यक्ष मनोचिकित्सा रामचन्द्र लाम्बा, संयुक्त निदेशक डीओआईटी सत्यनारायण चौहान सहित निगरानी समिति के सभी सदस्य तथा शहर की कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

श्री राजलदेसर गौशाला का मॉडल पूरे प्रदेशभर में लागू किया जाएगा : दाधीच

राजलदेसर (निसं)। श्री राजलदेसर गौशाला में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत 12 कुंड दानदाताओं के सहयोग से बनाया गया जिसमें बरसाती पानी संचय किया जाएगा इसके अलावा 12 कुंडों का भूमि पूजन भी किया गया जिसमें वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के प्रदेश संयोजक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

■ गौशाला में 12 कुंडों का उद्घाटन किया

कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति ईश्वर चंद्र तोदी के द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा,एवं विश्वकर्मा कौशल बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, उद्योगपति जगदीश जैसनसरिया, महिला अध्यक्षा पुष्पा शर्मा, समाज सेवी रमाकांत शर्मा,भाजपा जिला मंत्री भारती मुदगल आदि के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दाधीच ने कहा श्री राजलदेसर गौशाला द्वारा जिस तरह से गौशाला में जल संरक्षण का एक अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया है वह पूरे प्रदेश में प्रेरणा सूत्र है इसके अलावा इस मॉडल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर पूरे प्रदेश भर की गौशाला में भामाशाह एवं सरकार के सहयोग से लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा 5 जून से यह अभियान चलाया गया था इस अभियान के तहत अब तक करीबन 94 हजार इस योजना में प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर जिला अध्यक्ष तक कार्यक्रम कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश भर में चलाया जा रहा है इसके लिए उन्होंने सभी से कहा अपने घरों में सार्वजनिक जगहों पर खेत में एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसका लालन-पालन बच्चों की तरह करें।

दाधीच ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दो लक्ष्य पर विशेष फोकस दिया जा रहा है बिजली , पानी इसी के तहत जब बिजली, पानी पर्याप्त मात्रा में मिलेंगे तो आने वाले दिनों में राजस्थान हिंदुस्तान के अग्रणी प्रदेश में शामिल होगा कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री राजकुमार जिन्होंने कहा श्री राजलदेसर गौशाला के द्वारा कुछ न कुछ नवाचार देखने को मिलता है क्योंकि मैं 20 वर्षों से इस गौशाला से जुड़ा हुआ हूं साथ ही मुख्यमंत्री की जो पहल है जल ही जीवन है उसके तहत कार्य किया जा रहा है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने कहा श्री राजलदेसर गौशाला के बारे मैं हमेशा जानकारी ही हासिल की है लेकिन आज हकीकत देखकर ऐसा लग रहा है प्रदेश की नंबर वन गौशाला है श्री राजलदेसर गौशाला जो आज दानदाता के सहयोग से इतना बड़ा पुनीत कार्य का शुभारंभ किया गया है इससे गौ माता को मीठा पानी मिलेगा तो गौ माता स्वस्थ रहेगी एवं बरसाती पानी व्यर्थ नहीं जाएगा।

कार्यक्रम के तहत गौशाला के संरक्षक ईश्वर चंद्र अग्रवाल ने कहा कर्मभूमि से मातृभूमि जब अपने गांव के लोगों के बीच में आते हैं तो एक नया अभ्यास होता है । उन्होंने कहा पेड़ एवं पानी वर्तमान में बहुत जरूरी है क्योंकि आने वाले समय में अगर पेड़ पानी नहीं होंगे तो बहुत बड़ा संकट होगा । इसके लिए पर्यावरण के क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाना एवं बरसाती पानी का संगठन करना साथ ही उन्होंने कहा इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत श्री राजलदेसर गौशाला के सहयोग से 12 हजार पेड़ लगाने की स्वीकृति प्रदान की।

कार्यक्रम के तहत श्री राजलदेसर गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने गौशाला में जल संरक्षण अभियान के तहत गौशाला में होने वाले कार्य की जानकारी दी एवं गौशाला में संचालित गतिविधियों की भी अतिथियों को जानकारी उपलब्ध करवाई एवं पूरे प्रदेश में सभी गौशालाओं में बरसाती संगठन के लिए सरकार की ओर से कुंड बनाने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच के समक्ष बात रखी। उन्होंने कहा आप पूरी जानकारी मेरे को अवगत करवाओ ताकि मुख्यमंत्री को मैं इसके लिए अवगत करवा सकूं।

कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों ने कुंड का विधि विधान से पंडित बृजेश दाधीच के सानिध्य में पूजा अर्चना की एवं संकल्प लिया। इसके अलावा सभी अतिथियों ने एक पौधा मां के नाम पेड़ पौधे लगाकर उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। कार्यक्रम से पूर्व आए हुए अतिथियों का दुपट्टा व गौ माता का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर मंगतमल पाण्डिया, हुणतमल नाहर सहित अनेकों संख्या में गौशाला के सदस्य व कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कोलसिया में रात्रिकालीन एसपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

कोलसिया, (निसं)। एचएमटी ग्रुप कोलसिया के तत्वावधान में गांव कोलसिया के श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में बुधवार से शेखावाटी प्रीमियर लीग कोलसिया-2025 (एसपीएल-6) रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जैसे ही अतिथियों ने ध्वज फहराया आसमान रंगबिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा। प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सीमेंट गोठड़ा के यूनिट हैड हुकूमचंद गुप्ता रहे। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में अनुशासन के साथ भाग लेने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे स्वास्थ्य के लिए जरुरी है। खेलों से मानसिक विकास होता है। खेल अनुशासन में रहना सीखाते हैं। उन्होंने कहा कि हार व जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम में से एक हारती तो दूसरी टीम जीतती है। जीतने वाली टीम निराश नहीं हो। वह सतत प्रयास करते रहें उसे भी सफलता मिलेगी। उन्होंने एक छोटे से गांव में इस तरह की शानदार प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजक की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। आज के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें मंच मिले तो वे अपनी प्रतिभा से ये साबित भी करते हैं। हुकूमचंद गुप्ता ने सीएसआर फंड से कोलसिया में विकास कार्यों में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में श्री सीमेंट सीनियर मैनेजर डवलपमेंट मुकेश शर्मा, विनय सक्सेना यूनिट हेड, एडीईओ उम्मेदसिंह महला, नगरपालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन कैलाश चोटिया, परसरामपुरा सरपंच करणीराम, सरपंच प्रतिनिधि महेश पारीक, उप सरपंच रघुवीर कुमावत, दानदाता शीशपाल खेदड, डॉ. धर्मपाल सिंह, झाबरसिंह रेप्सवाल, लक्ष्मणराम स्वामी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शिंभूदयाल दूत, प्रेमचंद दूत, प्यारेलाल दूत, सूबेदार मेजर मामचंद दूत, रोहिताश खेदड, लेखराज नेहरा, महावीर सूनियां, करणीराम दूत भी मंचस्थ अतिथि रहे। अतिथियों ने ध्वज फहराकर प्रतियोगिता का आगाज किया। इसके बाद खिलाड़ियों से परिचय लिया। एचएमटी ग्रुप कोलसिया के हेमंत दूत, राजेश दूत, नेमीचंद, बृजेंद्र रेप्सवाल ने अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया।

पौधारोपण किया

सादुलपुर, (निसं)। गांव लुटाणा सदासुख निवासी सत्यपाल ने अपने पोती रितिका के जन्म दिवस पर गांव लुटाणा सदासुख के जोहड में पीपल के पेड लगाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए रितिका का जन्मदिवस मनाया। गुरूवार सुबह 8 बजे मिली जानकारी के अनुसार अपनी पोती के जन्म दिवस पर पौधारोपण करते हुए सत्यपाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि जन्म दिवस सहित अन्य धार्मिक एव सामाजिक समारोह पर दो-दो पौधे भी लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत से करें तो आज धरती फिर से हरी भरी हो सकती हो सकती है तथा पर्यावरण संरक्षण में काफी हद तक लाभ मिल सकता है। इसी दौरान सत्यपाल ने बताया कि आज गांव लुटाणा सदासुख के जोहड में सत्यपाल पुत्र माईसुख निवासी लुटाणा सदासुख, प्रदीप पुत्र सत्यपाल, कृष्ण कुमार, पप्पू मिठी रेडू व सतपाल की धर्मपत्नी मुन्नीदेवी ने पीपल के पेड लगाने के कार्य में सहयोग किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुक्त ने सेठानी जोहड़े का निरीक्षण किया

चूरू (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार 21 जून को जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग की ओर से होने वाले जिला स्तरीय समारोह को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुट गये हैं। कार्यक्रम को लेकर गुरुवार शाम नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने कार्यक्रम स्थल सेठानी के जोहड़े का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों- कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

आयुर्वेद उपनिदेशक सत्यवीर सिंह ने बताया कि इस दौरान पार्किंग, सफाई व मंच व्यवस्था सहित अनेक कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित व्यक्तियों से चर्चा की गई। इस दौरान योग प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया गया। उपनिदेशक ने बताया कि पंचायत स्तर व ब्लॉक स्तर पर भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जिला-स्तरीय कार्यक्रम चूरू, सालासर व ताल छापर में आयोजित होंगे। कार्यक्रम को लेकर विभाग के कर्मचारियों ने गुरुवार को दिनभर शहर के मुख्य बाजारों व चौक-चौराहों पर पीले चावल व निमंत्रण पत्र वितरित कर आमजन को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया। इस दौरान डॉ. रामकृष्ण शर्मा, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. संतरा जाट, सहायक प्रशासनिक अधिकारी योगेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में आयुर्वेद विभाग व नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

■ कर्मचारियों ने पीले चावल बांटकर कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने कार्यक्रम स्थल सेठानी के जोहड़े का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सार-समाचार

'योग, आयुर्वेद और एलोपैथी का समन्वय'

झुंझुनूं, (निसं)। महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनूं की जिलाध्यक्ष गीता नूनियां ने सीकेआरडी मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट झुंझुनू में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व योग जागरूकता व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अपार सफलता के लिए अपनी टीम के साथ अस्पताल के निदेशक डॉ. लालचंद ढाका, प्रबंधक नरेंद्र माहिच व नर्सिंग इंचार्ज नेमीचंद भांबू की उपस्थिति में समस्त नर्सिंग स्टाफ को बताया कि योग, आयुर्वेद और एलोपैथी- ये तीनों स्वास्थ्य की देखभाल के अलग-अलग, लेकिन पूरक मार्ग हैं। योग- शरीर और मन के संतुलन के लिए। आयुर्वेद- जीवनशैली और रोग की जड़ पर ध्यान देने के लिए। एलोपैथी-तीव्र और आपातकालीन स्थितियों के त्वरित समाधान के लिए। गीता नूनियां व उनकी टीम ने समस्त शारीरिक अंगों को प्राण वायु के माध्यम से स्वस्थ बनाने के लिए वैज्ञानिक पद्धित पर खरे उतरते हुए आठों प्राणायामों का अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल अनुसार अभ्यास करवाया। जिला प्रभारी ने बताया की योग, आयुर्वेद एवं एलोपैथ तीनों का समन्वय कर हम एक स्वस्थ, सशक्त और संतुलित जीवन की ओर बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम में जिला प्रभारी के साथ सह संगठन प्रभारी शशिबाला मौजूद रही और इस कार्यक्रम की संरचनात्मक व्यवस्था के लिए उनका सहयोग सराहनीय रहा। संवाद प्रभारी संतोष चौधरी, संगठन संरक्षक ममता शर्मा, तहसील प्रभारी मुकेश यादव ने भी सुंदर सहयोग प्रदान किया। महिला पतंजलि टीम के साथ डॉ. मनोज सैनी जिला सह प्रभारी पतंजलि योग समिति और तहसील युवा भारत प्रभारी मनीष शर्मा का भी अतुल्य सहयोग जिसका संगठन हमेशा आभारी रहा है, प्राप्त हुआ। डॉ. मनोज सैनी ने भी जिला प्रभारी के साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित समस्त चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ को अनेक लाभदायक योगाभ्यास समझाएं। इस कार्यक्रम के माध्यम से योग एक चिकित्सा विज्ञान के रूप में भी, विभिन्न चिकित्सा पद्धितयों के समागम के रूप में भी और विभिन्न संगठनों के तालमेल के रूप में भी बाहर निकाल कर आया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनोज सैनी ने अस्पताल के संचालक, प्रबंधक व नर्सिंग इंचार्ज सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

बंजर भूमि पर हरित वन तैयार हुआ

सीकर (निसं)। सीकर जिले में पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए कई नवाचार किये जा रहे है। इसी कडी में जन सहभागिता योजना के अंतर्गत नीमकाथाना की गोविन्दपुरा ग्राम पंचायत द्वारा मियावाकी तकनीक के माध्यम से देशी पौधों की नर्सरी तैयार कर एक सराहनीय पर्यावरणीय पहल की गई है। इस कार्य में संयोजक आंची देवी पत्नी स्व. रणजीत सिंह तेतरवाल एवं चन्द्रकला पत्नी अजय सिंह तेतरवाल रही हैं, जिन्होंने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई। जन सहभागिता योजना के अंतर्गत नीमकाथाना की गोविन्दपुरा ग्राम पंचायत में एक हजार वर्ग फुट में 350 पौधों की 35 देशी प्रजातियाँ तैयार की गई है। नीमकाथाना की गोविन्दपुरा क्षेत्र की भूमि पहले बंजर थी, जहाँ पानी की कमी व हरियाली का अभाव था। गांववासियों ने पर्यावरण सुधार की सोच के साथ मियावाकी विधि से एक घना छोटा जंगल विकसित करने का संकल्प लिया गया। मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए उसमें सूखी गाय का गोबर एवं गेहूं की भूसी मिलाई गई। नीम, बरगद, पीपल, गुल्लर, देशी अशोक, खेजडी, शीशम, सहतूत, सहजणा, लेसुआ आदि स्थानीय उपयोगी प्रजातियों के पौधे चुने गए। इन्हें एक-दूसरे के पास लगाकर घनत्व बढ़ाया गया। पौधों को नियमित रूप से पानी दिया गया एवं पौधों के संरक्षण की समुचित व्यवस्था की गई। कुछ ही समय में पौधे तेजी से विकसित होकर घने वृक्षों में परिवर्तित हो गए। यहाँ विभिन्न प्रकार के पक्षियों का आगमन हुआ, जिससे जैव विविधता में वृद्धि हुई तथा वायु की गुणवत्ता में सुधार आया और मियावाकी विधि से पौधारोपण करने से अब यह क्षेत्र एक हरित वन के रूप में परिवर्तित हो चुका है।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

सीकर (निसं)। राज्य सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी रूम में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशा के अनुरूप परिवादियों को राहत व संतुष्टि दिलवाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों पर चर्चा करते हुए निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में सीमा ज्ञान करने, अतिक्रमण हटाने, पेयजल समस्या का निराकरण कराने,